भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3003**
दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बागडोगरा विमानपत्तन का उन्नयन

3003. श्री राजू बिष्ट:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बागडोगरा विमानपत्तन का उन्नयन अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन में करने का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) बागडोगरा विमानपत्तन के आधुनिकीकरण के कार्य में अब तक किस हद तक प्रगति हुई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) तथा (ख): बागडोगरा हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से सम्बद्ध है तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा सिविल एंक्लेव का अनुरक्षण किया जा रहा है। हवाईअड्डों का विकास / आधुनिकीकरण एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इसका निर्वाह प्रचालन मांग, यातायात संभावनाओं, भूमि की उपलब्धि इत्यादि के आधार पर किया जाता है। बागडोगरा हवाईअड्डे पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा होल्ड क्षेत्र का विस्तार 820 वर्ग मीटर तक करने के लिए विद्यमान टर्मिनल भवन में सुधार के कार्य प्रारम्भ किए गए हैं तथा 50% कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, बागडोगरा में नए सिविल एंक्लेव के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सम्मुख 104.65 एकड़ भूमि दिए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

*****